हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

12 प्रेम प्रसंग में सरपंच की हत्या, सात गिरफ्तार ...



13 72 घंटे की समय-सीमा में फंसा किसानों का हक ...



91 लाख बकाया : नाम सार्वजनिक करने की चेतावनी

हाउसिंग बोर्ड 800 बकायादारों पर कसेगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हाउसिंग बोर्ड ने बकायादार हितग्राहियों के खिलाफ अब सख्त रुख अपनाने की तैयारी कर ली है। आवास की बकाया राशि जमा नहीं करने वाले हितग्राहियों को अंतिम रूप से भुगतान के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इसके बाद भी राशि जमा नहीं करने पर आवास का आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई की जा सकती है। विभाग ने बकाया भुगतान नहीं करने वाले हितग्राहियों के नाम सार्वजनिक करने की भी चेतावनी दी है। बताया जा रहा है कि हाउसिंग बोर्ड की ओर से बकायादार हितग्राहियों को कई बार नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद कई हितग्राहियों ने नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया। अब बोर्ड ने वसूली अभियान को तेज करते हुए बकाया राशि जमा नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। बोर्ड के जगदलपुर संभाग अनुसार अप्रैल से सितंबर तक चलाए गए बकाया वसूली अभियान में लगभग 17 लाख 64 हजार की राशि बकायादार हितग्राहियों से वसूल की गई है। इसके बावजूद वर्तमान में करीब 800 हितग्राहियों पर लगभग 91 लाख की राशि बकाया है। इन हितग्राहियों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय में बकाया भुगतान करने को कहा जा रहा है। ⏭शेष पेज 12 पर



17.64 लाख की वसूली

बताया जा रहा है कि अप्रैल से सितंबर तक हाउसिंग बोर्ड ने बकाया वसूली अभियान चलाकर करीब 17 लाख 64 हजार रुपए बकाया राशि वसूल की है। इसके बाद भी बड़ी संख्या में हितग्राहियों पर राशि बकाया है। वर्तमान में 800 हितग्राहियों पर लगभग 91 लाख की बकाया राशि बताई जा रही है। बोर्ड ने सभी संबंधित हितग्राहियों को भुगतान के लिए नोटिस जारी किया है।

बकायादार हितग्राहियों पर होगी कार्रवाई

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि नोटिस के बाद भी बकाया राशि जमा नहीं करने वाले हितग्राहियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इसमें आवास का आवंटन निरस्त करने के साथ बकायादारों के नाम सार्वजनिक करने की कार्रवाई शामिल है।

300 क्विंटल मक्का जब्त, देर रात मंडी टीम की कार्रवाई

जगदलपुर। कृषि उपज के अवैध परिवहन और मंडी शुल्क अपवंचन के खिलाफ मंडी बोर्ड ने कार्रवाई तेज कर दी है। राज्य कृषि विपणन बोर्ड, बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक के निर्देश पर कृषि उपज मंडी कोंडागांव की निरीक्षण टीम ने बुधवार की रात फरसगांव के समीप बिना आवश्यक मंडी अभिलेख के मक्का परिवहन करते एक ट्रक को पकड़ा। मंडी बोर्ड जगदलपुर द्वारा मंडी क्षेत्र में कृषि उपजों के अवैध परिवहन की रोकथाम तथा मंडी शुल्क अपवंचन की आशंका वाले स्थानों पर सतत निरीक्षण के निर्देश दिए। इसी के तहत टीम ने बुधवार रात करीब 11 बजे ट्रक क्रमांक सीजी-04 एमबी 5211 की जांच की, वाहन में 500 बोरी मक्का, वजन 300 ⏭शेष पेज 12 पर

- 65340 रुपए शुल्क व समझौता राशि वसूल

बढ़ाई जा रही निगरानी

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि बस्तर संभाग से लगे अंतरराज्यीय मार्गों के जरिए कृषि उपज के परिवहन पर नजर रखी जा रही है। ओडिशा सीमा की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों की जांच की जा रही है। विभाग का उद्देश्य बिना मंडी अभिलेख के कृषि उपज के परिवहन पर रोक लगाना और मंडी शुल्क की चोरी को नियंत्रित करना है।



मुख्यमंत्री सहायता कोष में अधिवक्ता संघ ने दिए 58100 रुपए



जगदलपुर। चक्रवाती तूफान अर्नब के कारण बस्तर में आई बाढ़ और जलभराव से प्रभावित लोगों की मदद के लिए बस्तर जिला अधिवक्ता संघ ने हाथ आगे बढ़ाया है। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर बाढ़ राहत हेतु मुख्यमंत्री सहायता कोष के नाम 58100 रुपये का चेक कलेक्टर आकाश छिकारा को सौंपा। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विक्रमादित्य झा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश कुमार झा, महिला उपाध्यक्ष प्रीति वानखेड़े, सचिव संतोष चौधरी, सह सचिव भरत सिंह सेठिया, कोषाध्यक्ष दीनबंधु रथ, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव हेलिना मोजेस गिरिधरण तथा अधिवक्ता शफीक अहमद एवं ऐलपा राम पोयाम उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि कठिन समय में प्रभावित परिवारों को सहारा देना उनका नैतिक दायित्व है।

सोने के हंडे के लिए तंत्रमंत्र करने का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगरनार थाना क्षेत्र के कोहकापाल में नरबलि के लिए बच्चे को अगवा किए जाने के मामले की जांच में नया तथ्य सामने आया है। पुलिस ने जारी स्पष्टीकरण में बताया कि नरबली के प्रयास की बात असत्य है और जांच में सामने आया तथ्य अलग है। पुलिस ने बताया कि ग्राम कोहकापाल थाना नगरनार क्षेत्र के एक किशोर बालक को कुछ व्यक्तियों द्वारा गलत तरीके से रोखकर रखने तथा तंत्र-मंत्र से संबंधित गतिविधि किए जाने की घटना के संबंध में विगत दो दिनों से लगातार जांच एवं पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में पुलिस द्वारा पीड़ित व प्रार्थी के अलावा संबंधित व्यक्तियों एवं अन्य संभावित गवाहों से विस्तृत पूछताछ की गई। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि संबंधित व्यक्तियों द्वारा सोने का हंडा प्राप्त होने की अंधविश्वासपूर्ण धारणा के चलते किशोर बालक के साथ तंत्र-मंत्र संबंधी गतिविधि की गई थी। सीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस जांच में अब तक ऐसा कोई तथ्य सामने नहीं आया है जिससे यह प्रमाणित हो कि किशोर की नरबली देने का प्रयास किया गया था अथवा नरबली की कोई योजना थी। सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से प्रसारित हो रही नरबली संबंधी बातें जांच में पुष्ट नहीं हुई हैं। उन्होंने कहा कि घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना नगरनार में मामला दर्ज ⏭शेष पेज 12 पर



अन्य संलिप्त आरोपियों के खिलाफ भी होगी कार्रवाई

सीएसपी ने बताया कि पुलिस द्वारा प्रकरण की विवेचना जारी है। जांच के दौरान यदि अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि घटना के संबंध में बिना सत्यापन के अफवाहों अथवा अपुष्ट सूचनाओं पर विश्वास न करें और न ही उन्हें सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से प्रसारित करें।

ग्रामीण क्षेत्रों में चोर सक्रिय, जामगुड़ा में दूसरी बार टूटा ताला

जगदलपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार फिर चोर सक्रिय होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। बीती रात भी अज्ञात चोरों ने बिलोरी पंचायत के जामगुड़ा पारा में चोरी की घटना को अजांम देते हुए 80 हजार कीमत का पम्प व वायर चोरी कर ले गए।मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी शैलेन्द्र भदौरिया ने बताया कि बीते दिनों उसने अपनी जमीन पर नया बोर कराया था। जहां सबमर्सिबल पम्प पाइप समेत तथा पम्प हाउस से कमरे तक लगभग 80 मीटर की दूरी ⏭शेष पेज 12 पर







खबर संक्षेप

कठिन समय में दिव्यांग संगीता को योजनाओं का मिला सहारा

कोण्डागांव। जिले के तहसीलपारा निवासी दिव्यांग संगीता पोयाम सरकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर कठिन परिस्थितियों में अपने परिवार को आर्थिक सहारा दे रही हैं। संगीता पोयाम घरेलू कामकाज कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती थीं। दूसरी संतान के रूप में बेटी के जन्म से पहले गर्भावस्था के दौरान उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। गर्भावस्था के कारण वे पहले की तरह काम नहीं कर पा रही थीं।



डाक कर्मचारियों की बैठक में विभागीय लक्ष्यों की समीक्षा



कोण्डागांव। जिला मुख्यालय कोंडागांव स्थित चिखलपुटी सामुदायिक भवन में 29 सितम्बर को डाक विभाग के कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपसंभागीय निरीक्षक सुभाष कुमार भुआर्य ने उपडाकघर कोंडागांव एवं मर्दापाल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न शाखा डाकघरों के कर्मचारियों से विस्तृत संवाद किया। बैठक के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों नईम खान, अनिल दीवान, गूगुलोथ सतीश, शंकर दीवान, अतुल यादव, अभय, लोकवत महेश, सुखराम मरकाम, निर्मल, मनीषा, भारत साहू एवं खुश्वर को मोमेंटो एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

2 अक्टूबर को जिले की सभी पंचायतों में होगी ग्रामसभा

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 6 के तहत 2 अक्टूबर को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा में पंचायत से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा और समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सभी एसडीएम एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्राम सभा के आयोजन की स्थानीय स्तर पर तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जनपद पंचायतवार प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा के लिए समय-सारणी निर्धारित करने तथा स्थानीय अधिकारी-कर्मचारियों को विशेष जिम्मेदारी देने को कहा गया है। ग्रामसभा में पूर्व बैठकों में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

पर्यटन बढ़े, लेकिन संस्कृति और धरोहर की गरिमा भी बनी रहे



कोण्डागांव। पर्यटन, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों की स्वच्छता, सुरक्षा और सांस्कृतिक गरिमा बनाए रखने की मांग को लेकर कोंडागांव के लोकगायक सिद्धार्थ महाजन एवं कलाकारों ने मंत्री राजेश अग्रवाल से नया रायपुर स्थित उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान कलाकारों ने मंत्री का पारंपरिक पटका पहनाकर अभिनंदन किया तथा कलाकारों के हित में बनाई जा रही योजनाओं एवं विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों पर चर्चा की। इस अवसर पर सिद्धार्थ महाजन ने छत्तीसगढ़ एवं विशेष रूप से बस्तर के पर्यटन और धार्मिक स्थलों की स्वच्छता, सुरक्षा तथा सांस्कृतिक गरिमा बनाए रखने के संबंध में संस्कृति मंत्री को एक पत्र सौंपकर आवश्यक पहल की मांग की। पत्र में कहा गया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में परिस्थितियों में सुधार के बाद बस्तर सहित छत्तीसगढ़ में पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि हो रही है। बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु प्राकृतिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों पर पहुंच रहे हैं। ऐसे में इन स्थलों को स्वच्छ, सुरक्षित और उनकी सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप बनाए रखना प्रशासन के साथ-साथ समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है।

नाम परिवर्तन

// शपथ पत्र //

मैं धर्मानी (Dharmani) जिसे बदला जाना है नाम धरमी नाग (Dharmi nag),उम्र 42 वर्ष, पिता अनतराम नाग, निवासी पटेल पारा, चितालंका, तहसील दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा, छ.ग. एतद् द्वारा पुष्टि करती हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करती हूँ:-

1. मैं छ.ग. की स्थायी निवासी हूँ ।
2. मेरा पुराना नाम धर्मानी (Dharmani) है और मैं अपना नाम बदलकर धरमी नाग (Dharmi nag) करवाना चाहती हूँ।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है ।
4. मैं नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगी है।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

दिनांक- 30.09.2026 — आवेदिका धर्मानी

फिल्म के बहाने संस्कृति और संस्कारों से रुबरु हुए 233 विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

विधायक नीलकंठ टेकाम के सहयोग से कांकेर पहुंचे

विधायक नीलकंठ टेकाम के सहयोग से शिशु मंदिर, केशकाल के 233 विद्यार्थियों को कांकेर सिटी सेंटर मॉल स्थित सिने वर्ल्ड थिएटर में हनुमान अंश फिल्म देखने का अवसर मिला। विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में भाजपा जिला कोंडागांव के महामंत्री विजय पोया भी उनके साथ मौजूद रहे।

विद्यालय से कांकेर पहुंचे विद्यार्थियों में फिल्म को लेकर खासा उत्साह रहा। थिएटर में पहुंचने के बाद बच्चों ने सामूहिक रूप से फिल्म देखी और पूरे उत्साह के साथ इसका आनंद लिया। विद्यार्थियों के लिए यह केवल मनोरंजन का अवसर नहीं रहा, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और संस्कारों से जुड़े विषय को समझने का अनुभव भी रहा।

शिशु मंदिर के प्राचार्य जेआर नाग ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़े विषयों को देखने और समझने का अवसर मिलने से उनके ज्ञान का दायरा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए सामूहिक रूप से फिल्म देखने का अनुभव उत्साहवर्धक रहा। हनुमान अंश के माध्यम से बच्चों को मनोरंजन के साथ भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से संबंधित विषयों को जानने का अवसर मिला।



संस्कृति-संस्कारों से जुड़े अनुभव का मिला लाभ

प्राचार्य ने इस पहल के लिए विधायक नीलकंठ टेकाम के प्रति विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया। भाजपा जिला कोंडागांव के महामंत्री विजय पोया ने कहा कि विद्यार्थियों में फिल्म को लेकर काफी उत्साह था। बच्चों के लिए इस तरह की गतिविधियां उन्हें पढ़ाई के साथ नए अनुभव प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जुड़े विषयों पर आधारित फिल्म विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी अनुभव रही। विजय पोया ने विद्यार्थियों को यह अवसर उपलब्ध कराने के लिए विधायक श्री नीलकंठ टेकाम का आभार व्यक्त किया। आयोजन के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। फिल्म देखने के बाद विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला और उन्होंने इस अनुभव को यादगार बताया।

खुलासा : जंगल में घात लगाए छिपे थे आरोपी, हत्या के बाद रात वहीं गुजारी

प्रेम प्रसंग में सरपंच की हत्या, सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

ब्लॉक के बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहपाल के सरपंच मंगल सिंह मरकाम हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार पूर्व रंजिश के चलते आरोपियों ने हत्या की साजिश रची थी। मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक 30 सितंबर की सुबह करीब 8.30 बजे बड़ेडोंगर पुलिस को सूचना मिली कि मोहपाल के वर्तमान सरपंच मंगल सिंह मरकाम की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारपीट कर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही एसपी पंकज चंद्रा के निर्देश पर एएसपी कपिल चंद्रा एवं एसडीओपी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में एफएसएल टीम, साइबर टीम, थाना बड़ेडोंगर एवं रिजर्व केंद्र की पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

सातों आरोपी गिरफ्तार

मामले में मिट्ठू राम नेताम 45, श्रवण कुमार नेताम 20, अमित कुमार नेताम 20, लखन नेताम 25, नब्बू वट्टी 28, राकेश मंडावी 21 एवं प्रभु लाल नेताम 20 को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी ग्राम मोहपाल, थाना बड़ेडोंगर के निवासी हैं।

आरोपियों की गिरफ्तारी 1 अक्टूबर को की गई। मामले की विवेचना एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार मौर्य, थाना बड़ेडोंगर, साइबर टीम कोंडागांव एवं रिजर्व केंद्र कोंडागांव की पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा।

प्रेम प्रसंग और पूर्व रंजिश के चलते बनाई हत्या की योजना

जांच के दौरान आरोपी मिट्ठू राम नेताम से पूछताछ में सामने आया कि सरपंच मंगल सिंह मरकाम के आरोपी परिवार की महिला से प्रेम प्रसंग की चर्चा को लेकर पूर्व से रंजिश थी। इसी रंजिश के चलते मिट्ठू राम नेताम, श्रवण कुमार नेताम, अमित कुमार नेताम, लखन नेताम, नब्बू वट्टी, राकेश मंडावी और प्रभु लाल नेताम ने सरपंच की हत्या की योजना बनाई। 29 सितंबर की रात सरपंच के गांव आने की सूचना मिलने पर सभी आरोपी पड़ाड़ी मार्ग एवं नदी किनारे जंगल में घात लगाकर बैठ गए। सरपंच के वहां पहुंचने पर आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और हाथ बांधकर थप्पड़, चप्पल, लोहे की रॉड एवं डंडे से बेरहमी से मारपीट की।

मारपीट के बाद आरोपियों ने सरपंच को बंधक बनाकर अस्पताल ले जाने से पहले ही मौत के घाट उतार दिया। आरोपियों ने उसके हाथ-पैर बांधकर घटनास्थल से करीब 60 मीटर दूर ले जाकर कंबल से ढंक दिया। इसके बाद आरोपी सड़क किनारे आग जलाकर रातभर वहां मौजूद रहे और सुबह करीब 5 से 5.30 बजे के बीच मौके से फरार हो गए।



सरपंच और सचिव संघ ने की मृत्युदंड की मांग

फरसगांव। ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोहपाल के सरपंच मंगल राम मरकाम की हुई हत्या के खिलाफ क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। मामले को लेकर सरपंच एवं सचिव संघ ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) फरसगांव एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। ज्ञापन में सभी आरोपियों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी करने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। संघ ने कहा सरपंच की हत्या अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है, जिससे जिले के सरपंच-सचिवों, क्षेत्रवासियों एवं आमजन में भय और आक्रोश का माहौल है। संघ ने घटना में संलिप्त दोषियों को दंड/मृत्युदंड के लिए अभियोजन की ओर से आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया।



नगर पंचायत सम्मेलन में पहली बार दिखी पार्षदों में एकजुटता

केशकाल। नगर पंचायत केशकाल के लंबे अंतराल के बाद आयोजित परिषद के सम्मेलन में इस बार पार्षदों के बीच एक अलग तरह की एकजुटता देखने को मिली। सम्मिलन में उपस्थित सभी पार्षदों ने खुलकर अपने-अपने विचार एवं आपत्तियां रखीं। नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारीलाल शोरी ने भी पहली बार कहा कि फूट डालो और राज करो की नीति अपनाकर हम सभी को आपस में उलझाकर मौज उड़ाने का खेल अब नहीं चलेगा। उन्होंने कहा जनता द्वारा निर्वाचित पार्षदों एवं पदाधिकारियों को पूरा सम्मान मिलना चाहिए। उनके द्वारा उठाए गए विषयों और जनहित से जुड़ी बातों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने नगर पंचायत की पीआईसी एवं परिषद की बैठकें नियमानुसार एवं समय पर आयोजित करने, प्रस्तावों को विधिवत तैयार करने तथा प्रस्तावित कार्यों को सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही आगे की कार्रवाई किए जाने पर जोर दिया। इस पर उपस्थित पार्षदों के साथ अध्यक्ष बिहारीलाल शोरी ने भी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि भविष्य में नियमानुसार पहले पीआईसी एवं परिषद से प्रस्ताव पारित एवं स्वीकृत कराया जाए और उसके बाद ही निविदा निकालने तथा दर स्वीकृति की प्रक्रिया संपन्न की जाए।



आपत्तियों पर प्रभारी सीएमओ रहे मौन

सम्मिलन के दौरान पार्षदों एवं अध्यक्ष द्वारा विभिन्न मुद्दों पर लगातार सवाल और आपत्तियां उठाई गईं। समाचार के अनुसार, इन आपत्तियों के दौरान नगर पंचायत के प्रभारी सीएमओ की ओर से कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया और वे काफी देर तक मौन रहे। इससे बैठक में मौजूद सदस्यों के बीच प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा का माहौल भी बना रहा।

बिना स्वीकृति निकाली गई निविदाओं पर जताई नाराजगी

उल्लेखनीय है कि लंबे अंतराल के बाद आयोजित परिषद के 37-बिंदुओं वाले सम्मिलन में ऐसे निविदा एवं दर स्वीकृति संबंधी मामलों को भी एजेंडे में शामिल किया गया था, जिनके संबंध में पार्षदों द्वारा यह आपत्ति उठाई गई कि संबंधित कार्यों के लिए पहले पीआईसी एवं परिषद से विधिवत स्वीकृति लिए बिना ही निविदा प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।

ब्लॉक स्तर पर हुई भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता



कोण्डागांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय, कोण्डागांव में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना सहित जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय पार्षदगण मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष पटेल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और व्यक्तित्व निखारने का बेहतर मंच प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाएं केवल शिक्षा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने और आगे बढ़ने के अवसर भी देती हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्री पटेल ने अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बुजुर्गों के सम्मान एवं देखभाल का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पेड़ के लिए उसकी जड़ आवश्यक होती है, उसी प्रकार बुजुर्ग परिवार की नींव और समाज के मार्गदर्शक होते हैं। उन्होंने सभी से बुजुर्गों का सम्मान करने और उनकी आवश्यकताओं का ध्यान रखने की अपील की।

सेवा फर्स्ट इनोवेशन चौलेंज 2026 के लिए आवेदन 17 तक

कोण्डागांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चौलेंज 2026' का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, स्टार्टअप्स, एमएसएमई एवं नागरिकों को वास्तविक सार्वजनिक समस्याओं के व्यावहारिक और नवाचारी समाधान प्रस्तुत करने के लिए मंच उपलब्ध कराना है। इच्छुक प्रतिभागी 17 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागियों से निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से समय-सीमा के भीतर पंजीयन कराने की अपील की गई है।

महतारी वंदन की राशि से बेटियों का संवर रहा भविष्य

कोण्डागांव। ग्राम भानपुरी निवासी हेमलता दीवान महतारी वंदन योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता का उपयोग अपनी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कर रही हैं। उन्हें योजना के तहत प्रत्येक माह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। हेमलता इस राशि में से 500-500 रुपये अपनी दोनों बेटियों के नाम सुकन्या समृद्धि योजना के खातों में जमा कर रही हैं।

नशा मुक्ति के लिए विश्रामपुरी में निकली जागरूकता रैली



फरसगांव/विश्रामपुरी। नशा मुक्ति अभियान के तहत गुरुवार को विश्रामपुरी पुलिस एवं नवीन महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं पारिवारिक नुकसान की जानकारी देकर नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया।

रैली नवीन महाविद्यालय से शुरू होकर मंडी चौक, बस स्टैंड, बाजारपारा एवं जंगलपारा होते हुए वापस महाविद्यालय पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। इस दौरान थाना प्रभारी विनोद कुमार नेताम, महाविद्यालय प्राचार्य भूपेंद्र सिंह मारगीया सहित पुलिसकर्मी, शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

जिला अस्पताल परिसर में जवानों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- 188 बटालियन केरिपुबल ने चलाया स्वच्छता अभियान, जिला अस्पताल में लगाया रक्तदान शिविर

स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छ भारत अभियान के तहत 188 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, कोण्डागांव द्वारा विशेष स्वच्छता कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा-2026 के अंतर्गत एक दिन, एक साथ, एक घंटा थीम के तहत जिला अस्पताल परिसर में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन 188 वाहिनी केरिपुबल के कमाण्डेंट मदन मोहन के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। जिला अस्पताल कोण्डागांव से समन्वय स्थापित कर 1 अक्टूबर को सुबह 8.30 बजे से 10.30 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान 188 बटालियन के जवानों ने जिला अस्पताल परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।



अभियान में नगरपालिका कोण्डागांव के कार्मिकों, एनजीओ जीवन दिशा डिफेंस अकादमी कोण्डागांव, जिला अस्पताल के कर्मचारियों तथा 188 बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों ने सक्रिय सहभागिता की। सभी ने मिलकर व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया। कमाण्डेंट मदन मोहन ने कहा कि शासन एवं विभाग के निर्धारित मापदंडों को पूरा करने की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में भी प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करते रहना चाहिए, ताकि स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता को बढ़ावा मिल सके।

कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अस्पताल कोण्डागांव के चिकित्सकों से समन्वय कर 188 बटालियन के मुख्यालय में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कार्मिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग दिया। कार्यक्रम में 188 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी नीतीन्द्रनाथ, उप कमाण्डेंट दीपक सिंह, उप कमाण्डेंट मुकेश तथा चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चन्द्रन सहित जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान में भाषण प्रतियोगिता



केशकाल। सेवा संकल्प अभियान के तहत केशकाल के पीएम श्री विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय भाषण प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने सामाजिक सरोकार, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, सेवा एवं राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। सेवा संकल्प अभियान के संयोजक प्रशांत पात्र ने कहा कि अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने जिस आत्मविश्वास के साथ विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे, वह सराहनीय है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष लंबोधर सलाम ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अपनी प्रतिभा और व्यक्तित्व विकास के लिए भी अवसर मिलना चाहिए। भाषण प्रतियोगिताएं बच्चों में अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का आत्मविश्वास पैदा करती हैं और उन्हें भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करती हैं।

पेज 11 के शेष...

हाउसिंग बोर्ड 800 ...

बकाया राशि भुगतान करें : गृह निर्माण मंडल जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता नरेन्द्र चंद्राकर ने बताया कि हितग्राही स्ववित्तीय, एकमुश्त, ऑफर, भाड़ाक्रय आधार पर (केवल निर्मित भवनों के लिए) आबंटित बकाया राशि भुगतान करें।

नरबलि नहीं सोने ...

किया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 127(2), 137(2), 351(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने प्रकरण में अब तक दो मुख्य आरोपी गोनसाय एवं लखीराम को हिरासत में लिया गया है तथा जिन्होंने पूजा पाठ किया उनका नाम भी अपराध में जोड़ा गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में चोर ...

तक वायर व अन्य सामान लगाया था। अज्ञात चोरों ने 29 सितम्बर की रात चोरी की वारदात को अजांम देते हुए पम्प समेत अन्य सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी सुपरवाइजर पंकज सोनी से मिलने के बाद प्रार्थी मौके पर पहुंचकर मुआयना किया तो अज्ञात चोरों ने लगभग 80 हजार रूपए कीमत का सामान पार कर दिया था। प्रार्थी ने बताया कि इससे पूर्व भी चोरों ने घटना को अंजाम देते हुए 18 अगस्त को हजारों कीमत के लोहे के सरिया चोरी कर लिया था। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से परेशान प्रार्थी ने परपा थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराते हुए अज्ञात चोरों को पकड़कर राहत दिलाने की मांग की है। बहरहाल परपा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

300 क्विंटल मक्का ...

क्विंटल पाया गया। वाहन चालक द्वारा कृषि उपज के परिवहन से संबंधित आवश्यक मंडी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए जा सके। मामले में मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए 5 गुना मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं समझौता शुल्क सहित कुल 65340 रुपए की राशि वसूल की गई। वाहन चालक रायपुर निवासी मोहम्मद शिबू के नाम से जब्ती कार्रवाई की गई है। मंडी अधिकारियों ने बताया कि अधिसूचित कृषि उपज का परिवहन करते समय संबंधित दस्तावेज रखना और मंडी से जुड़ी सभी आवश्यक औपचारिकताओं का पालन करना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।



खबर संक्षेप

बारसूर का दबदबा, बीजापुर को पेनाल्टी में हराया



गीदम। पर्यटन नगरी बारसूर में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय युवाओं द्वारा आयोजित पर्यटन फुटबॉल कप का दूसरा दिन भी रोमांच से भरपूर रहा। कन्या विद्यालय ग्राउंड में खेले गए मुकाबलों में दर्शकों को जबरदस्त खेल देखने को मिला। दूसरे दिन का पहला और सबसे रोमांचक मुकाबला बारसूर 'ए' और बीजापुर ब्रदर्स के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया और मुकाबला बराबरी पर रहा। इसके बाद मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें बारसूर 'ए' की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए बीजापुर ब्रदर्स को 4-2 गोल से हराकर अगले दौर में अपनी जगह पक्की की। दिन का दूसरा मुकाबला दंतेवाड़ा डीआरजी और सुरोखी के बीच खेला गया। इस मैच में दंतेवाड़ा डीआरजी की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सुरोखी की टीम को पराजित किया और अगले राउंड में प्रवेश किया। दोनों मुकाबलों के दौरान मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह और दर्शकों का जोश देखने लायक था। स्थानीय युवाओं द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट को लेकर नगर में खासा उत्साह है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद श्रीवांशु सूर्यवंशी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रौंजे सरपंच अनिल तरमा, लोकेश पुजारी, विजय मरकाम, कृष्ण ठाकुर और जय कुमार मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल को खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में और भी कांटे के मुकाबले देखने को मिलेंगे।

अनाज और सब्जियों से उकेरी 34 फीट की भव्य रंगोली



दंतेवाड़ा। स्वच्छ भारत अभियान एवं सेवा संकल्प की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गीदम विकासखंड अतंर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण में विशेष रंगोली निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों ने 34 फीट, कुल 289 वर्गफीट क्षेत्र में अनाज, दालों, सब्जियों और प्राकृतिक पत्तियों से आकर्षक एवं पर्यावरण-अनुकूल रंगोली तैयार की। रंगोली की विशेषता यह रही कि इसमें रासायनिक रंगों का उपयोग नहीं किया गया। पत्तागोभी, हरी मिर्च, हरी फलियां, टमाटर एवं आलू से झाड़, वृत्ताकार सीमा और पंखुड़ियों की आकृतियां बनाई गईं। वहीं धान, मसूर, चना, मक्का और उड़द से 'सेवा-संकल्प क्लीन इंडिया कूड़ेदान तथा महात्मा गांधी के चश्मे की आकृति उकेरी गई। केले के पत्तों से रंगोली को प्राकृतिक हरित आधार प्रदान किया गया। रंगोली के माध्यम से स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं प्लास्टिक-मुक्त परिसर का संदेश दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों के नवाचार और परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता और सेवा को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा विद्यालय परिसर को प्लास्टिक-मुक्त रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

निधन

राधिका पाणिग्राही

जगदलपुर। शहर के भैरमदेव वार्ड निवासी राधिका पाणिग्राही पति स्व.



गणेश प्रसाद पाणिग्राही का 86 वर्ष में 30 सितंबर की रात्रि निधन हो गया। राधिका पाणिग्राही रुद्र नारायण पाणिग्राही एवं भूपेंद्र पाणिग्राही की माताजी थीं। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार खड़कघाट मुक्तिधाम में किया गया।

72 घंटे की समय-सीमा में फंसा किसानों का हक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

जिले में लगातार हुई अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण बड़ी संख्या में किसानों की धान की फसल प्रभावित हुई है। कई किसानों की खड़ी फसल पूरी तरह बर्बाद

■ फसल बीमा की जानकारी गांव-गांव नहीं पहुंचने से किसान परेशान

हो गई है, ऐसे में किसानों के सामने फसल नुकसान की भरपाई को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसी बीच प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल क्षति की सूचना और दावा प्रक्रिया को लेकर किसानों में पर्याप्त जानकारी नहीं होने का मामला सामने आया है। किसानों का कहना है कि फसल नुकसान की सूचना निर्धारित समय-सीमा में देना आवश्यक है, लेकिन गांव स्तर पर योजना की जानकारी, दावा प्रक्रिया और संबंधित हेल्पलाइन की जानकारी पर्याप्त रूप से नहीं पहुंचने के कारण अनेक किसान असमंजस में हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को यह तक स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है कि फसल क्षति की सूचना कहां और किस माध्यम से दर्ज कराई जाए।

किसानों की इस परेशानी को देखते हुए जनपद सदस्य हेमराज बघेल स्वयं



विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत अपने जनपद सदस्य क्षेत्र गांव-गांव पहुंचकर किसानों से संपर्क कर रहे हैं। वे चौपाल लगाकर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, फसल क्षति की सूचना देने की प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दे रहे हैं। किसानों की सहायता के लिए उनके स्तर पर निःशुल्क सहयोग भी किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। ऐसे समय में यदि किसानों को फसल बीमा योजना की जानकारी और दावा करने की प्रक्रिया समय पर नहीं मिलेगी, तो उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन की जिम्मेदारी है कि प्रभावित किसानों तक समय पर सही जानकारी पहुंचाई जाए और कोई भी पात्र किसान अपने अधिकार से वंचित न हो।

हर पंचायत में तत्काल शिविर लगाने की मांग

उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि बस्तर जिले की सभी प्रभावित ग्राम पंचायतों में तत्काल विशेष फसल बीमा सहायता शिविर लगाए जाएं। इन शिविरों में किसानों को फसल क्षति की सूचना दर्ज कराने, बीमा क्लेम की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और संबंधित अधिकारियों से संपर्क की पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों के लिए गांव-गांव मुनादी, सूचना प्रसार और हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, ताकि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाला कोई भी किसान जानकारी के अभाव में दावा करने से वंचित न रह जाए।

बस्तर में बाढ़ की तबाही: घर ढहे, धान की फसल बर्बाद, 3 माह रोजगार की मांग

165 किसानों की फसल खराब, 40 से अधिक मकान ढहे

हरिभूमि न्यूज : घाटलोहंगा/भोंड

लगातार बारिश और बाढ़ ने बस्तर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में तबाही मचा दी है। कई गांवों में घरों में पानी घुसने से मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं, कई परिवारों के आशियाने पूरी तरह ढह गए हैं और खेतों में पानी भरने से धान की फसल बर्बाद हो गई है। बाढ़ के बाद प्रभावित परिवारों के सामने अब घर दोबारा खड़ा करने और रोजी-रोटी चलाने की बड़ी चुनौती है।

■ पंचायत क्षेत्र में करीब 165 किसान खेती पर निर्भर

इसी स्थिति का जायजा लेने बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने गुरुवार को विकासखंड बकावंड एवं बस्तर के विभिन्न बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर नुकसान की जानकारी ली और शासन-प्रशासन से तत्काल सर्वे, मुआवजा, फसल बीमा क्लेम और राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। विधायक ग्राम पंचायत धोबीगुड़ा के मांझीपारा

प्रभावित क्षेत्र धोबीगुड़ा से बेलगांव तक विधायक ने किया दौरा





पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के कारण सात घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पंचायत क्षेत्र में करीब 165 किसान खेती पर निर्भर हैं और ग्रामीणों के अनुसार किसानों के जिस रकबे में धान की फसल लगी थी, वह पानी में डूबकर खराब हो गई है। ग्रामीणों ने विधायक से कहा कि खेती ही उनकी आय का मुख्य साधन है, लेकिन पूरी फसल खराब होने के बाद अगले तीन महीने परिवारों का जीवन-यापन करना मुश्किल होगा। उन्होंने तीन माह के लिए रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि प्रभावित परिवारों को आर्थिक संकट से राहत मिल सके।

शिविर लगाने के निर्देश

किसानों से चर्चा के दौरान विधायक ने पूछा कि उनकी फसल का बीमा हुआ है या नहीं। किसानों ने बताया कि लैम्पस के माध्यम से धान बीज लेने के दौरान बीमा कराया गया था और अब उन्हें फसल नुकसान का बीमा क्लेम मिलना चाहिए। विधायक ने तत्काल कृषि विभाग के अधिकारी से फोन पर चर्चा कर प्रभावित गांव में शिविर लगाने और किसानों को बीमा प्रक्रिया एवं क्लेम की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की फसल बाढ़ में खराब हुई है, उन्हें नियमानुसार बीमा लाभ दिलाने की प्रक्रिया तेज की जाए।

बुजुर्ग महिला का घर ढहा

निरीक्षण के दौरान 80 वर्ष से अधिक उम्र की एक बुजुर्ग महिला ने विधायक को बताया कि उसका मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। महिला ने बताया कि उसके पुत्र का निधन हो चुका है और वह अपने नाती के साथ रहती है। घर गिरने से घरेलू सामान भी नष्ट हो गया है और रहने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं बचा। विधायक ने महिला की स्थिति पर चिंता जताते हुए नुकसान का उचित आकलन कर नियमानुसार सहायता एवं मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया।

बेलगांव में भी घरों और फसल को भारी नुकसान

इंद्रावती नदी तट पर बसे बेलगांव में ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि बाढ़ से 10 से अधिक मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जबकि 30 से अधिक मकानों में दरारें आ गई हैं। कई मकान अब रहने लायक नहीं हैं। खेतों में पानी भरने से धान की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने विधायक के सामने अपनी समस्याएं रखीं और तत्काल राहत की मांग की।

शिविरों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

विधायक ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों को केवल तत्काल राहत ही नहीं, बल्कि उनके पुनर्वास की भी आवश्यकता है। जिनके मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनका प्राथमिकता से सर्वे कराया जाए। किसानों की फसल क्षति का आकलन कर उन्हें मुआवजा और बीमा क्लेम दिलाया जाए। राहत शिविरों में रह रहे परिवारों को भोजन, पेयजल, राशन, स्वास्थ्य सुविधा और आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ ने ग्रामीण परिवारों की वर्षों की मेहनत और उनकी आजीविका को प्रभावित किया है। ऐसे समय में प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ काम करते हुए प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचानी होगी।

ये रहे मौजूद

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बकावंड शिवराम बिसाई, करपावंड ब्लॉक अध्यक्ष सोनाधार बघेल, मानसिंह कवासी, विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप, तुलाराम सेठिया, वीरेंद्र सेठिया, मोहन झाली, आयतुराम भारती, जानकी राम भारती, सीताराम नाग, कार्तिक बघेल, हेमराज भारती, संजय सेठिया, चंद्रभान सेठिया सहित ग्राम सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

मालगांव में 74 से अधिक घरों में घुसा पानी

ग्राम पंचायत मालगांव में ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के दौरान 74 से अधिक घरों में पानी घुस गया था। कई मकानों में दरारें आ गई हैं और वे अब रहने योग्य नहीं हैं। ग्रामीणों के अनुसार 40 से अधिक मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। विधायक ने राजस्व विभाग के आरआई एवं पटवारी से क्षति का वास्तविक आकलन कर प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत और मुआवजा दिलाने की बात कही।

मुआवजा नहीं मिलने पर किसानों ने सौंपा आवेदन

तारापुर, बनियागांव, टलनार, बजावड बेलगांव में किसानों ने पिछले वर्ष हुई ओलावृष्टि का मुआवजा अब तक नहीं मिलने की शिकायत भी विधायक से की। किसानों ने बताया कि तहसील कार्यालय से लगातार भुगतान जल्द होने का आश्वासन मिलता रहा, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी मुआवजा नहीं मिला। किसानों ने विधायक को आवेदन सौंपा। विधायक ने तत्काल तहसीलदार बकावंड से फोन पर चर्चा कर भुगतान की स्थिति स्पष्ट करने और किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसानों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर धरना दिया जाएगा।

आदिवासी समाज की परंपरा और संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ यूसीसी, कोई समझौता नहीं : कवासी

सुकमा। समान नागरिक संहिता को लेकर सुकमा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कहा है कि यूसीसी आदिवासी समाज की परंपरा और संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ है और इसमें किसी भी तरह का



समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की अपनी विशिष्ट सामाजिक, सांस्कृतिक और परंपरागत व्यवस्थाएं हैं, जिन्हें नजरअंदाज कर समान कानून लागू करना उचित नहीं होगा।उन्होंने कहा कि यूसीसी कानून संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ है, इसलिए हमें यह कानून मंजूर नहीं है। उन्होंने 2 अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभाओं में यूसीसी को लेकर पारित संकल्पों का समर्थन करते हुए कहा कि ग्राम सभाओं में छत्तीसगढ़ में यूसीसी लागू नहीं किए जाने की मांग उठाई गई है। साथ ही, भविष्य में यूसीसी लागू होने की स्थिति में अनुसूचित जनजाति समाज को इसके दायरे से स्पष्ट रूप से बाहर रखने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की कस्टमरी लॉ, सामाजिक व्यवस्था, संस्कृति और सामुदायिक संस्थाएं उसकी पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। संविधान के अनुच्छेद 244, पांचवीं अनुसूची तथा पेसा कानून के प्रावधानों और भावना को ध्यान में रखते हुए इन व्यवस्थाओं का संरक्षण किया जाना आवश्यक है।

56 लोगों ने किया रक्तदान



दंतेवाड़ा। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके मार्गदर्शन में आज सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर स्वास्थ्य विभाग एवं रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा दंतेवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। जिसमें आदर्श महाविद्यालय जवांगा के यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी इकाई द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित की गई। रक्तदान शिविर में 56 से अधिक लोगों ने अपना रक्तदान किया। शिविर में ब्लड बैंक इकाई प्रभारी डॉक्टर रवि शंकर खटकड़ के द्वारा लोगों को रक्तदान का विशेष महत्व समझाते हुए भविष्य में भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

जवानों ने साफ-सफाई कर ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

241वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा ग्राम पंचायत सेडवा में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण के निर्माण में ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

इस दौरान 241वीं वाहिनी के अधिकारीगणों, जवानों एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए ग्राम पंचायत परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की। सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थानों पर



एकत्रित कचरे को हटाकर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया गया।

कमांडेंट हरविंदर सिंह ने ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व, कचरे के उचित निस्तारण तथा सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने के संबंध में जागरूक किया। उपस्थित ग्रामीणों से अपील की गई कि वे स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं तथा अपने घर, गांव एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

241वीं वाहिनी द्वारा क्षेत्र में सुरक्षा दायित्वों के साथ-साथ स्थानीय समुदाय के साथ बेहतर समन्वय एवं सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करने तथा सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

ये रहे मौजूद

संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, निरंजन कुमार निराला उप कमांडेंट, प्रमोद कुमार मीणा उप कमांडेंट अन्य अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवान तथा ग्राम पंचायत सेडवा के सरपंच एवं ग्रामीणजन।

हाट-बाजार शेड के पुनर्निर्माण की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

किरंदुल चैंबर ऑफ कॉमर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने आज जिला कलेक्टर दंतेवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर मुख्य बाजार प्रवेश द्वार के पास गड्ढे में स्थित हाट-बाजार शेड के पुनर्निर्माण की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि एनएमडीसी द्वारा वर्षों पहले निर्मित यह शेड मुख्य सड़क से 5-6 फीट नीचे गड्ढे में बना है। बारिश के दिनों में इसमें पानी भर जाता है, जिससे दुकान चलाना मुश्किल हो जाता है। ग्राहक नीचे उतरकर सब्जी लेने से कतराते हैं, जिससे व्यापार बाधित होता है। वर्षों से खाली पड़ा यह शेड अब कचरे का भंडार बन गया है।

एसोसिएशन ने मांग की है कि उक्त शेड को तोड़कर पूरे गड्ढे में मिट्टी भराव कर सड़क लेवल पर नवीन शेड का निर्माण किया जाए। इससे व्यापारियों की समस्या का समाधान होगा, आदिवासी सब्जी विक्रेता आसानी से इसका उपयोग कर सकेंगे और मुख्य सड़क पर लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगी।

इस अवसर पर चैंबर के पदाधिकारी, कार्यालय सचिव राजेश वेपराल सहित भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र सोनी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है। प्रतिलिपि नगर पालिका अध्यक्ष एवं अनुविभागीय अधिकारी को भी प्रेषित की गई है।

शिविर में 66 जवानों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर 219 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा मुख्यालय इंजराम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक सरोकारों और मानवता की सेवा के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में सीआरपीएफ की विभिन्न बटालियनों के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों सहित करीब 66 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद की दिशा में सराहनीय पहल की।

रक्तदान शिविर का आयोजन महानिदेशक सीआरपीएफ तथा वीरेंद्र अग्रवाल, आईजी, पश्चिमी सेक्टर, सीआरपीएफ के निर्देशानुसार किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा की चिकित्सा टीम ने भी शिविर में सहयोग किया।शिविर के दौरान डॉ. बी.के. टोपो, डॉ. एम. सुप्रिया, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, 219 बटालियन एवं उनकी चिकित्सा टीम ने सभी रक्तदाताओं का आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया। रक्तदाताओं को सुरक्षित रक्तदान के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई और स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप रक्त संग्रहण किया गया। इस अवसर पर डीआईजी राजेश पांडे ने कहा कि रक्तदान एक महान एवं पुनीत कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी अधिकारियों एवं जवानों की सराहना करते



हुए कहा कि सीआरपीएफ देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ समाज सेवा और मानवता की भलाई के कार्यों में भी निरंतर योगदान देती रही है। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया गया तथा उन्हें प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

ये रहे मौजूद

शिविर में राजेश पांडे, डीआईजी, कोंटा रेंज, सीआरपीएफ के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति तथा पार्थ सारथी घोष, कमाण्डेंट, 219 बटालियन के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में विजय शंकर, कमाण्डेंट, 217 बटालियन, प्रेमजीत कुमार, कमाण्डेंट, 50 बटालियन, डॉ. बीके टोपो, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, 50 बटालियन, सुधीर कुमार चौहान, कमाण्डेंट, 228 बटालियन तथा विश्वदीप सिंह, कमाण्डेंट, 218 बटालियन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बच्चों के बेहतर भविष्य व पोषण के लिए सहभागिता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मद्देड़

महिला एवं बाल विकास विभाग आईसीडीएस के तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत मद्देड़ के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 में भव्य आंगन मिलन उत्सव, सुपोषण चौपाल एवं गोद भराई अन्न प्राशान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों से ग्रामीण समुदाय को जोड़ना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाना रहा।

आत्मीय संवाद और जागरूकता का केंद्र बना उत्सव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों, माताओं, बहनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के बीच सीधा संवाद हुआ। ग्रामीणों ने केंद्र में संचालित गतिविधियों का जायजा



लिया और बच्चों के बेहतर पोषण व सर्वांगीण विकास पर गहन चर्चा की। इस अवसर पर आयोजित सुपोषण चौपाल में गर्भवती महिलाओं और माताओं को पोषण, स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। साथ ही गोद भराई की रस्म निभाकर गर्भवती महिलाओं को उनके स्वस्थ मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य की कामना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सरस्वती संड्रा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास, पोषण और संस्कारों की मजबूत आधारशिला हैं। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब जनभागीदारी सुनिश्चित होगी।

मद्देड़ ग्राम उप सरपंच श्याम बाबू चित्तापुरी ने गांव के विकास में आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए ग्रामीणों से लगातार सहयोग करने की अपील की। विभागीय अधिकारियों ने भी हितग्राहियों को आंगनबाड़ी केंद्रों से मिलने वाली सभी सेवाओं का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रहे उपस्थित इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी बिस्मिता पाटले, परियोजना अधिकारी आर्यन राठौर, जनपद सदस्य सरस्वती संड्रा, ग्राम सरपंच शारदा संड्रा, उप सरपंच श्याम बाबू चित्तापुरी, सुपरवाइजर सावित्री मीरी, सेवानिवृत्त शिक्षक जी. पोचेया, मितानिन सुशीला झाड़ी, वार्ड पंच मनोज कासोंजी, ममता जंगम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांता मरकाम, सरिता कोनडेटी, अनिता चेताल सहित क्षेत्र के पत्रकार बंधु मुक्ति नाथ सिंह ठाकुर, जगदीश शर्मा, ग्रामीण माता-बहनें व जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

बाढ़ पीड़ितों से मिले अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के पदाधिकारी



जगदलपुर। अन्य पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर के जिलाध्यक्ष गदाधर वैद्य ने बताया कि सामाजिक पदाधिकारियों ने ग्राम गुच्चागुड़ा, घाटलोहंगा और जगदलपुर के लालबाग स्कूल, कृष्णा मंदिर व सिंधी भवन शिविरों का भ्रमण कर बाढ़ पीड़ितों का हालचाल जाना। भ्रमण दल में जोगेश्वर ठाकुर, दयाराम ठाकुर, कारिया दीवान, गदाधर वैद्य, सत्यवान पांडेय और क्षेत्राधिकारी बकावंड शामिल थे। सभी शिविरों में शासन-प्रशासन, नगर निगम, ग्राम पंचायत, समाजसेवियों और पार्षदों द्वारा पीड़ितों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। पीड़ितों ने बताया कि बाढ़ के कारण उनके आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड, कपड़े, बर्तन और बच्चों की अंकसूचियां घर में ही छूट गईं। कई लोगों के मकान गिर गए हैं, जिससे भारी नुकसान हुआ है। पदाधिकारियों ने मां दंतेश्वरी से पीड़ितों को इस संकट से लड़ने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

बाढ़ पीड़ितों के नियम शिथिल करे सरकार

जगदलपुर। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि बस्तर में करीब 9



हजार बाढ़ प्रभावितों को न्याय की दरकार है। बाढ़ ने शहर व गांवों में सब कुछ छीन लिया है। मुख्यमंत्री संवेदनशीलता दिखाते हुए नष्ट दस्तावेजों से जुड़े नियमों को शिथिल करें। बाढ़ में लोगों की मार्कशीट, राशन कार्ड और जमीन के कागजात नष्ट हो गए हैं, जिन्हें दोबारा बनाने के लिए त्वरित पहल हो। सीएम की घोषणाएं केवल खानापूर्ति न होकर धरातल पर दिखनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से पीड़ितों को वास्तविक मुआवजा देने की मांग की है।

सीआरपीएफ 227वीं वाहिनी ने चलाया स्वच्छता अभियान, 20 जवानों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सीआरपीएफ की 227वीं वाहिनी द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान 'स्वच्छता ही सेवा-2026' के अंतर्गत 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' थीम पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। कमांडेंट गोपाल कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में जवानों ने स्थानीय नागरिकों व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिलकर सुबह 7:30 बजे से 9 बजे तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तोंगपाल, प्राथमिक स्कूल, कोयलाभट्टी बस अड्डा, झीरमगांव बंजारी माता मंदिर और झीरम घाटी में सामूहिक श्रमदान किया। इस दौरान अस्पताल परिसर, नालियों व सार्वजनिक मार्गों से कचरा हटाया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और

सिंगल-यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने के प्रति किया जागरूक

सुरक्षा के साथ समाज सेवा प्राथमिकता

मुख्य अतिथि ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफ अपने परिचालनिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के साथ-साथ क्षेत्र के सर्वांगीण और नैतिक विकास में भी निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के अतिरिक्त समाज सेवा, स्वच्छता, स्वास्थ्य और युवाओं में सकारात्मक व नैतिक मूल्यों का संचार करना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। आज हमारे जवानों ने जहाँ एक ओर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया, वहीं दूसरी ओर रक्तदान कर मानव जीवन बचाने के संकल्प को दोहराया है।



बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से रक्त की मांग बढ़ी

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में बढ़ती सड़क दुर्घटना और मेडिकल इमरजेंसी के कारण रक्त की मांग में लगातार बढ़ोतरी हुई है। देश की विशाल जनसंख्या को स्वास्थ्य सेवा, सुरक्षित रक्त और मजबूत हेल्थ सिस्टम तक सबको बराबर पहुंच उपलब्ध कराना आसान नहीं है। रक्त को कृत्रिम रूप से तैयार नहीं किया जा सकता। इसलिए रक्त की मांग को पूर्ण करना तथा जरूरतमंदों तक रक्त की पहुँच उपलब्ध कराने हेतु रक्तदान ही एकमात्र रास्ता है। सिंगल-यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने के प्रति जागरूक किया गया। स्थानीय सरपंच मदन नाग, जनपद सदस्य हरि यादव और डॉक्टरों ने बल के इस प्रयास की सराहना की।

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में वाहिनी मुख्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य रक्तदान व प्लाज्मा डोनेशन की महत्ता को जन-जन तक पहुँचाना और डोनर्स की नई पीढ़ी को प्रेरित करना था ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों की जान बचाई जा सकें। शिविर में बल के अधिकारियों और जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 20 कार्मिकों ने निस्वार्थ भाव से रक्तदान किया।

कर्ज लेकर की थी खेती, फसल सड़ने से नंदपुरा के किसानों के सामने खड़ा हुआ संकट

जलभराव से 100 किसानों की धान फसल बर्बाद, सर्वे और मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर ब्लॉक के ग्राम नंदपुरा में खेतों में लंबे समय तक पानी भरे रहने के कारण किसानों की धान की फसल बर्बाद होने का मामला सामने आया है। जलभराव की जानकारी मिलने पर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की संयुक्त टीम ने नंदपुरा का दौरा किया। टीम ने प्रभावित किसानों से मुलाकात की और जलमग्न खेतों का जायजा लिया।

प्रभावित किसानों ने बताया कि मूसलाधार बारिश के बाद खेतों से पानी की निकासी नहीं हो सकी। इसके चलते करीब 100 किसानों की धान की फसल लगभग 72 घंटे तक पानी में डूबी रही। लगातार जलभराव के कारण धान के पौधे सड़कर मर चुके हैं और फसल पूरी



लाखों का कृषि ऋण, कर्ज का संकट

पीड़ित किसानों ने बताया कि चालू सीजन में खेती के लिए उन्होंने बैंकों और समितियों से लगभग 3 लाख से 4 लाख रुपये तक का कृषि ऋण लिया था। फसल बर्बाद होने के बाद अब उनके सामने कर्ज चुकाने और परिवार का भरण-पोषण करने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

निष्पक्ष पंचनामा और सर्वे की मांग

ग्रामीण जिला अध्यक्ष संतु कश्यप ने कहा कि संकट की इस घड़ी में किसानों को बेसहारा नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि राजस्व और कृषि विभाग की विशेष टीम तत्काल खेत-खेत जाकर फसल क्षति का वास्तविक सर्वे करे और प्रत्येक प्रभावित किसान का निष्पक्ष पंचनामा तैयार करे।

तरह नष्ट हो गई है। इस प्राकृतिक आपदा से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावितों को नियमानुसार उचित फसल क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए। ऋण लेने वाले किसानों को राहत देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसके अलावा, खेतों में जल निकासी का स्थायी समाधान किया जाए और आगामी फसल की बुवाई के लिए किसानों को निःशुल्क उन्नत बीज, खाद व कृषि सहायता उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान बनमाली बघेल, कमलेश ठाकुर, कमल बघेल, पाकलू कश्यप, हरिराम कश्यप, मिट्ठू कारटॉमी तथा ग्रामीण कृष्ण कुमार बघेल, कमलोचन नेताम, गुलशन बघेल, किशोर बघेल और लक्ष्मण यादव उपस्थित रहे।

बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचे पूर्व विधायक जैन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पूर्व विधायक व संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने बाढ़ प्रभावित गांवों नदी बोड़ना, भेजापदर व रामपाल का दौरा कर जमीनी हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने

- प्रभावितों को आवास व ऋण माफी की मांग की

ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें राहत सामग्री प्रदान की। दौरे में उनके साथ हेमू उपाध्याय, सुरेंद्र झा, गौरनाथ नाग, लैखन बघेल, बुधसन नाग और घनश्याम महापात्र सहित अन्य सहयोगी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में कांग्रेस पूरी तरह प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बेघर हुए प्रभावित परिवारों को तत्काल आवास योजना का लाभ देते हुए पक्के मकान उपलब्ध कराए जाएं। इसके साथ ही प्रभावित किसानों के ऋण माफ किए जाएं और खेती-किसानी से जुड़ी समस्त सुविधाएं दी जाएं ताकि उनका जीविकोपार्जन फिर से शुरू हो सके।

नुकसान का हो सर्वे

पूर्व विधायक ने प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए तत्काल निष्पक्ष सर्वेक्षण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सर्वे की प्रक्रिया पूरी कर शासन द्वारा निर्धारित मुआवजा राशि का वितरण जल्द से जल्द किया जाए, जिससे प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत मिल सके।

ढहे मकानों का निरीक्षण करने पहुंचे भाजपा पदाधिकारी



जगदलपुर। विवेकानंद वार्ड में बाढ़ से ढहे मकानों का निरीक्षण करने भाजपा मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव एवं अन्य पदाधिकारी प्रभावित परिवारों के घर पहुंचे। वर्षों की मेहनत से बने आशियानों को उजड़ा देखकर पदाधिकारियों ने गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस कठिन घड़ी में प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन के सहयोग से प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता दिलाने के लिए भाजपा परिवार मजबूती से खड़ा है। जब तक परिस्थितियाँ सामान्य नहीं हो जातीं, सेवा और सहयोग का यह संकल्प निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्वी मंडल प्रभारी आर्येंद्र सिंह आर्य, महामंत्री दिंगबर राव, संतोष बाजपयी, मंत्री योगेश मिश्रा, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष शंकर राव, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कुसुम परिहार, डाकेश्वरी पांडे सहित वार्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे।

भाई वेद के साथ मलेशिया में करेंगी देश का प्रतिनिधित्व

बस्तर की 5 वर्षीय ईरा अर्नी भारतीय शतरंज टीम में शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर की ईरा अर्नी ने भारतीय शतरंज की टीम में जगह बनाई है। ईरा मलेशिया में होने वाले इंटरनेशनल स्कूल चेस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। ईरा की आयु अभी सिर्फ 5 वर्ष है। इतनी कम आयु में भारत की ओर से कॉमनवेल्थ स्कूल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली पहली खिलाड़ी होंगी। ईरा की शतरंज के तीनों फॉर्मेट क्लासिक, रैपिड और ब्लिट्ज में अंडर-7 आयु वर्ग में भारतीय टीम का हिस्सा होंगी। उनके भाई वेद अर्क भी इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। ईरा अर्नी और वेद अर्क के पिता भी शतरंज के अच्छे खिलाड़ी हैं और अभी दोनों भाई-बहन सोमेश्वरी की देखरेख में शतरंज की बारीकियाँ सीख रहे हैं। इस सफलता ने पूरे बस्तर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। दोनों को जिला शतरंज संघ बस्तर के संरक्षक कमलोचन कश्यप, संयोजक अशोक तिवारी, अध्यक्ष शशांक श्रीधर शेंडे, सचिव हितेश तिवारी, उपाध्यक्ष पूर्णिमा सरोज, फीडे आर्बिटर तरुण सारथी और अन्य सभी पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

दुर्गम परिस्थितियों में तैयारी

बीजापुर जैसी दुर्गम परिस्थितियों में, जहाँ शतरंज कोचिंग की कोई सुविधा नहीं है और आवागमन के साधनों का अभाव है, माता-पिता ने देश के विभिन्न भागों में ले जाकर टूर्नामेंट में शिरकत करवाई। मात्र 3 वर्ष की आयु से ही ईरा ने शतरंज में रुचि लेना आरंभ किया और बहुत ही कम समय में भारतीय टीम का हिस्सा बन गईं।

पॉक्सो एक्ट से लेकर बाल विवाह रोकथाम तक, विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

फ्लान ऑफ एक्शन के अनुपालन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष गोविन्द नारायण जांगड़े के निर्देशन में स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यमिक विद्यालय पुसपाल में 28 सितंबर को विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में

- पुसपाल के स्वामी आत्मानन्द स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम

व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कु. अंकिता कश्यप ने विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों और उनके अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह रोकथाम, बाल मजदूरी, डॉन, जागृति संवाद एवं आशा योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ उपलब्ध विधिक सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि आवश्यकता पड़ने



यातायात नियमों के पालन का दिया संदेश

जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही दैनिक जीवन के कार्यों को नैतिकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ निभाने का संदेश दिया गया। जरूरत पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता और परामर्श उपलब्ध कराया जा सकता है।

पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता एवं परामर्श प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व बताते हुए कहा गया कि समय पर विद्यालय आना, शिक्षकों एवं सहपाठियों का सम्मान करना, विद्यालय के नियमों का पालन करना, अध्ययन के प्रति जिम्मेदारी रखना तथा विद्यालय परिसर में शांतिपूर्ण एवं मर्यादित व्यवहार करना प्रत्येक विद्यार्थी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसपाल के शिक्षकगण, कर्मचारीगण, छात्र-छात्राएं एवं पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे।

नर्सिंग छात्रा पायल ने विश्वविद्यालय में हासिल किया सातवां स्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आयुष विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय जगदलपुर की छात्रा कु. पायल साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम

- 81.42 प्रतिशत अंक के साथ कॉलेज में प्रथम, प्राचार्या ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित

रोशन किया है। द्वितीय सेमेस्टर नर्सिंग विभाग की छात्रा पायल साहू ने 81.42 प्रतिशत अंक हासिल कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं विश्वविद्यालय स्तर पर सातवां स्थान हासिल किया है। परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय स्तर पर कु. अमिषा कुमारी ने द्वितीय तथा कु. अनुष्का तोताड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय में उत्साह का माहौल रहा। महाविद्यालय की प्राचार्या तृप्ति सोनी ने सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच के माध्यम से विद्यार्थी अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इसी तरह मेहनत करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कक्षा प्रदर्शक अंजू बोदलकर एवं खोमेश्वरी चक्रधारी ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपनी सफलता पर पायल साहू ने कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय उनके पिता संतोष कुमार साहू एवं माता उषा साहू को जाता है। उन्होंने बताया कि परिवार के निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन से उन्हें पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली।

बाढ़ पीड़ितों के नुकसान का जल्द हो निष्पक्ष सर्वे, निःशुल्क दस्तावेज दे सरकारः कांग्रेस

जगदलपुर। बस्तर में आई बाढ़ और जलभराव से बड़ी संख्या में परिवार प्रभावित हुए हैं। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि केवल राहत शिविरों में भोजन देना पर्याप्त नहीं



है। सरकार प्रत्येक प्रभावित वार्ड और पंचायत में विशेष टीम भेजकर मकानों, घरेलू सामान, राशन और शैक्षणिक सामग्री के नुकसान का निष्पक्ष सर्वे कराए। जिन परिवारों के राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी और स्कूल-कॉलेज के दस्तावेज नष्ट हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निःशुल्क दोबारा उपलब्ध कराया जाए।

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि प्रभावितों को मुआवजा प्राप्त करने के लिए कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। सर्वे और मुआवजे की प्रक्रिया को सरल एवं समयबद्ध बनाया जाए। बैंक पासबुक, आयुष्मान कार्ड और बच्चों की अंकसूची प्रशासन की निगरानी में निःशुल्क मिले। पीड़ितों को सामान्य जीवन में वापस लाना प्रशासन की जिम्मेदारी है, इसलिए इस पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्य किया जाए।

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में होंगी विभिन्न स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वन्यजीव संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा प्रकृति एवं वन्यजीवों के संरक्षण में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 2 से 8 अक्टूबर तक वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के अवसर पर कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के कार्यक्रमों को बस्तर की पारंपरिक प्रकृति एवं वन संरक्षण की मान्यताओं से जोड़ा गया है। पारद पर्व के अवसर पर प्रकृति, वन एवं देवी-देवताओं के प्रति आस्था और सम्मान की सामुदायिक परंपरा को वन्यजीव संरक्षण के संदेश से जोड़ा जाएगा। इसका उद्देश्य प्रकृति एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति जनभागीदारी और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है। वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत 2 अक्टूबर को कोलेंग, नेतानार, दरभा एवं मावलीपदर में चित्रकला प्रतियोगिता, 3 अक्टूबर को नेतानार में बर्ड वॉचिंग, 5 अक्टूबर को

- पारद पर्व की परंपरा से वन्यजीव संरक्षण का संदेश



तीरथगढ़ में नेचर वॉक तथा 6 अक्टूबर को तीरथगढ़ में ग्रामीणों के साथ परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को वन्यजीवों, जैव विविधता एवं प्रकृति के महत्व से जोड़ने के साथ-साथ संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। इसी क्रम में 7 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान को जीरो प्लास्टिक की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से निर्धारित लक्ष्य का शुभारंभ भी किया जाएगा स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी से जोड़ते हुए इसे सभी के लिए खुला रखा गया है। पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण के इस सामूहिक प्रयास में जो भी नागरिक अपनी सहभागिता देना चाहते हैं, वे इसमें शामिल हो सकते हैं। अभियान में अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, समस्त ग्रामवासी तथा आम नागरिक भी सहभागिता कर सकते हैं। वन्यजीव संरक्षण सप्ताह का 8 अक्टूबर को वन्यजीव एवं प्रकृति संरक्षण से संबंधित पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति के साथ समापन किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय पारंपरिक संस्कृति को वन एवं प्रकृति संरक्षण के संदेश से जोड़ते हुए समुदाय की भूमिका को रेखांकित किया जाएगा।

स्वच्छता अभियान 7 को

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक गौतम नारायण पडिभार ने बताया कि प्रबंधन द्वारा सभी नागरिकों, ग्रामवासियों, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं प्रकृति प्रेमियों से वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की गई है। विशेष रूप से 7 अक्टूबर को आयोजित स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी होकर वन एवं पर्यावरण की स्वच्छता तथा संरक्षण के सामूहिक प्रयास को मजबूत करने का आह्वान किया गया है।

